संख्या—895 /54-1-11-1(स0ल0)/2011

प्रेषक,

योगेश कुमार
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त उप निदेशक/भूमि संरक्षण अधिकारी,
भूमि विकास विकास एवं जल संसाधन विभाग,
उत्तर प्रदेश।

भूमि विकास एवं जल संसाधन अनुभाग—1   लखनऊः दिनांकः 09 सितम्बर, 2011

महोदय,

शासन स्तर पर यह अनुभव किया जा रहा है कि आई0डब्ल्यू0एम0पी0 कार्यक्रम के अन्तर्गत डिस्ट्रिक डाटा सेल तथा डब्लू0डी0टी0 में रखे गये विभिन्न विषय विशेषज्ञों का प्रभावी रूप से इस कार्यक्रम के संचालन में सहयोग नहीं लिया जा रहा है, यह स्थिति भारत सरकार की गाइड लाइन में प्राविधानित व्यवस्था के अनुरूप नहीं है। अतएव व्यवस्था के अनुसार अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

कृपया इस संबंध में यह भी सुनिश्चित करें कि डी0पी0आर0 बनाये जाने कैपेस्टी बिल्डिंग, जल संग्रहण विकास के कार्यों,लाइवलीहुड एक्टीविटीज एवं प्रोडक्शन सिस्टम/माइक्रोइन्टरप्राइजेज के मदों के कार्यों में भी इनका सक्रिय सहयोग लिया जाये साथ ही मौके पर सृजित सम्पत्तियों की गुणवत्ता हेतु तकनीकी परामर्श इन विशेषज्ञों से लिया जाये। यहां यह भी उल्लेख करना उचित होगा कि उच्च अधिकारियों द्वारा इकाईयों के निरीक्षण/भ्रमण के समय इन विशेषज्ञों को आवश्यक रूप से बैठक में आमंत्रित किया जाये तथा इनका सक्रिय सहयोग इस योजना के लिए प्राप्त किया जाये।

कृपया उपरोक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

भवदीय,
(योगेश कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या—895 /54-1-11-1(स0ल0) 2011तददिनांक।

प्रतिलिपि— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— आयुक्त एवं प्रशासक, शारदा सहायक समादेश/रामगंगा कमाण्ड, लखनऊ/कानपुर।
2— निदेशक, कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,
(योगेश कुमार)
प्रमुख सचिव।